# नगर विकास व आवास विभाग में 11,244 पदों पर होगी बहाली

## 15,628 पदों का किया गया सृजन : जिवेश मिश्रा

**संवाददाता, पटना**

**नगर** विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न श्रेणी के कुल 15,628 नये पदों का सृजन किया गया है. इसमें कुल 11,244 पदों पर नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. पटना में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में नगर विकास व आवास मंत्री जिवेश कुमार ने बताया कि इससे राज्य के हजारों युवकों व युवतियों को सरकारी सेवा में आने का अवसर प्राप्त होगा. उन्होंने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग में कई प्रभाग गठित किये गये हैं. प्रशासनिक प्रभाग, स्वच्छता एवं अवशिष्ट प्रबंधन, कल्याण एवं निबंधन, राजस्व एवं लेखा, टाउन प्लानिंग , योजना, स्वास्थ्य और निगरानी दल प्रभाग का गठन किया गया है. इन प्रभागों में नियुक्ति की जायेगी. मंत्री ने कहा कि उनके विभाग को सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों में वृद्धि हुई है. इस कारण इसके निष्पादन के लिए उक्त पदों का सृजन किया गया है